हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

10 तनाव से बचाव के लिए प्रभावी उपाय अपनाएं



10 जींद में होने वाली विकास रैली की सभी तैयारियां पूरी



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर एक नामजद

जींद। रामराये गेट पर रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामराये गेट निवासी जमुकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मोहल्ले के ही सागर से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते रामराये गेट पर आरोपित ने उसे रोक लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। शहर थाना पुलिस ने जमुकुमार की शिकायत पर सागर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बास्केटबाल खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

जींद। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बास्केटबाल खेल नर्सरी के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी चार अप्रैल शनिवार को शाम चार बजे स्कूल के ग्राऊंड में पहुंच कर ट्रायल दे सकते हैं। इस ट्रायल के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें आगे प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंच कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### कस्सी मारकर किया घायल, शिकायत दर्ज

जींद। गांव जुलानी में कहासुनी के चलते कस्सी से वार कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जुलानी निवासी जसमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के सुरेंद्र से कहासुनी हो गई। आरोपित सुरेंद्र ने उस पर कस्सी से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंडियों में सात हजार क्विंटल गेहूं की आवक

जींद। जिलेभर की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक दूसरे दिन से ही शुरू हो चुकी है। नरवाना मंडी में सबसे ज्यादा गेहूं की आवक अब तक हुई। नरवाना में छह हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जबकि सभी मंडियों में लगभग साढ़े सात हजार क्विंटल गेहूं की आवक अब तक हुई। मंडी में मार्केट कमेटी सचिव व खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जिस भी गेहूं की ढेरी में नमी की मात्रा सामान्य हो जाए। उसको तुरंत खरीदें।

### आभूषण व नकदी चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

कैथल। ढांड क्षेत्र के गांव खेड़ी रायवाली में घर के अंदर घुसकर नकदी व सोने के आभूषण चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एएसआई नरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी खेड़ी रायवाली निवासी राहुल, कमल कुमार व रितिक को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खेड़ी रायवाली निवासी महिली सुदेश कुमारी की शिकायत अनुसार 31 मार्च को वह सुबह करीब 9:30 बजे अपने घर के कामकाज के चलते पशुओं के गोबर आदि के कार्य के लिए दूसरे प्लॉट में गई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही राहुल, जो उनके घर में प्रवेश कर गया। इसी बीच उसकी पोती ने देखा कि राहुल घर के अंदर रखी अलमारी से कुछ सामान निकाल रहा है। बच्ची ने तुरंत अपनी मां को आवाज लगाकर बताया था।

### अलग-अलग दो मामलों में 3 भगौड़े आरोपी काबू

कैथल। पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा 2 मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश व एएसआई पवन कुमार द्वारा भगौड़े आरोपी मंगल निवासी गांव उझाना जिला जींद व बलराज नगर कैथल निवासी गुरदीप को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दोनो आरोपियों पर 17 अगस्त 2023 को बलराज नगर कैथल निवासी व्यक्ति को चोटे मारने का आरोप है।

# सीएम आज सफीदोंवासियों को 40. 45 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

## विकास रैली में मुख्यमंत्री करेंगे परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चार अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नई अनाज मंडी सफीदों में प्रस्तावित धन्यवाद एवं विकास रैली में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सफीदों विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों रुपये की सौगत देंगे। मुख्यमंत्री द्वारा छह परियोजनाओं का उद्घाटन 19 करोड़ 30 लाख 83 हजार रुपये की लागत से तथा तीन परियोजनाओं का शिलान्यास 21 करोड़ 15 लाख 13 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 40 करोड़ 45 लाख 96 हजार रुपये है। मुख्यमंत्री द्वारा छह परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय सफीदों में तीन करोड़ 75 लाख 51 हजार रुपये की लागत से 12 शिक्षण कक्षों का उद्घाटन किया जाएगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के तहत हांसी ब्रांच के आरडी 75400 से 76300 एल तक छठ पूजा एवं गणेश विसर्जन के लिए घाट का उद्घाटन किया जाएगा। इस विकास कार्य पर तीन करोड़ 20 लाख 71 हजार की राशि खर्च की है। नागक्षेत्र तीर्थ के समीप हांसी ब्रांच के आरडी 72200 से 72600 तक घाट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया जाएगा। इस विकास कार्य पर एक करोड़ 42 लाख 67 हजार रुपये की धनराशि खर्च की गई है। पड़ाना ड्रेन में आरडी 69100 से 73200 तक साइड लाइनिंग एवं तीन पुलों के पुनर्निर्माण का उद्घाटन किया जाएगा। जिस पर चार करोड़ 72 लाख 94 हजार रुपये की धनराशि खर्च की गई है। जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित आरडी 52000 तथा पडाना नाले पर आर डी 0 से 9000 व लुदाना नाके की लिंक नाले की ईंटों से बनी साइड लाइनिंग का उद्घाटन किया जाएगा।

### इन परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि तीन विकास परियोजनाओं का होगा शिलान्यास भी सीएम द्वारा किया जाएगा। इसमें हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) द्वारा तीन करोड़ 14 लाख 13 हजार रुपये की लागत से सफीदों नई अनाज मंडी में आंतरिक सड़कों की विशेष मरम्मत (फेज 2), राइजिंग मेन एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा 10 करोड़ एक लाख रुपये की लागत से लुदाना में 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आठ करोड़ से पिल्लूखेड़ा में महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या कालेज के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा।

### रैली की तैयारियों का डिप्टी स्पीकर ने लिया जायजा

जींद। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने शुक्रवार को एकलव्य स्टेडियम के सामने स्थित हुड्डा ग्राउंड का दौरा कर पांच अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद एवं विकास रैली की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा उनके साथ विशेष रूप से मौजूद रहे। डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं ताकि कार्यक्रम सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि पांच अप्रैल रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनसभा को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास प्रस्तावित हैए उनकी सभी औपचारिकताएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सभा स्थल पर अस्थायी शौचालयों, स्टेज, पर्याप्त पेयजल, पंडाल में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की जाए। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए पंखों और कूलरों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त पार्किंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के लिए कहा ताकि रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।



पूंडरी। पूंडरी मार्केट कमेटी सचिव को मांग पत्र सौंपते गुलाब सिंह।

# कैथल: गेहूं खरीद नीति के विरोध में किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए लागू की पॉलिसी के विरोध में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मार्केट कमेटी पूंडरी के सचिव गुलाब सिंह को मांग पत्र सौंपा। किसानों ने खरीद प्रक्रिया में तय समय सीमा और बायोमेट्रिक व्यवस्था को किसान विरोधी बताते इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की। भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रवक्ता रणदीप सिंह आर्य ने बताया कि सरकार द्वारा बनाई गई पॉलिसी के अनुसार अनाज मंडियों में सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक ही गेहूं लाने और इसी दौरान गेट पास व बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करने का प्रावधान किया गया है, जिसका किसान संगठन पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन के दौरान किसान दिन-रात मेहनत कर फसल समेटता है। ऐसे में यदि किसान रात 8 बजे के बाद फसल लेकर मंडी पहुंचता है तो उसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

### आंदोलन का ऐलान

सवाल उठाया कि आखिर किसान अपनी उपज कहां रखे। सरकार को चाहिए कि दिन और रात के लिए अलग-अलग कर्मचारियों की व्यवस्था कर 24 घंटे गेट पास जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराए। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि जब ट्रैक्टर और फसल से संबंधित जानकारी जीपीएस के माध्यम से दर्ज की जा रही है, तो बायोमेट्रिक प्रक्रिया लागू करना अनावश्यक है और इससे किसानों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि सरकार ने फैसले को वापस नहीं लिया तो किसान आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे और रोजाना धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल के दौरान प्राकृतिक आपदा और आग लगने का खतरा बना रहता है, इसलिए वे जल्द जल्द अपनी फसल को खेतों से उठाकर मंडियों में पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे में इस प्रकार की समय सीमा किसानों के लिए भारी परेशानी का कारण बन रही है।

## रिहायशी क्षेत्र में बने प्लांट के विरोध में लोगों ने दिया धरना

# बायो गैस प्लांट को बंद करने के लिए 10 दिन का अल्टीमेटम

## प्लांट के सामने धरने पर स्थानीय लोगों ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना रोड से सटे नए बस अड्डे के नजदीक रिहायशी क्षेत्र में बने बायो गैस प्लांट के विरोध में शुक्रवार को आसपास कालोनीवासियों ने आवाज बुलंद करते धरना दिया। धरने पर समर्थन देने के लिए खाप प्रतिनिधि, राजनीतिक दल व अन्य गणमान्य लोग पहुंचे और सभी प्रतिनिधियों ने भोपाल कांड को याद करते हुए सरकार से तुरंत बायो गैस प्लांट पर तालाबंदी करने की मांग बुलंद की। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला की अध्यक्षता में आयोजित धरने स्थल पर सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेताया गया कि यदि तय दिनों के दौरान इस प्लांट को बंद नहीं किया गया तो बड़ा और अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा। जो मुकाम पूरा होने तक जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए नवीन जय हिंद, हैबतपुर के सरपंच रिषिपाल सिहाग, माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर, सीटू जिला प्रधान रमेश चंद्र सहित कालोनीवासियों ने बायो गैस प्लांट के मैनेजर के मार्फत कंपनी के चेयरमेन को भी ज्ञापन भेजते तुरंत ही प्लांट को बंद करने की मांग की। धरने पर लोगों के गुस्से को भांपकर बायो गैस प्लांट के मुख्य गेट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कहा कि जब बड़ी कंपनी ने यहां जमीन ली तो स्थानीय लोगों को सब्जबाग दिखाए गए कि यहां कोई खास सौगात दी जाएगी। मगर सौगात की जगह गोबर से तैयार करने वाली गैस के तौर पर जो बम यहां रिहायशी क्षेत्र में तैयार किया गया है वह जींद के लोगों को मौत की नींद सुला सकता है। रिहायशी क्षेत्र में गैस प्लांट लगाने की मंजूरी देने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ-साथ जब रिहायशी क्षेत्र में यह प्लांट तैयार किया जा रहा था उसे मुकदर्शक बन देख रहे स्थानीय अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।



जींद। धरना देते हुए कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि



जींद। बायो गैस प्लांट के सामने तैनात पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### प्लांट के पास सीएम एक दिन बिता कर देखें

नवीन जयहिंद ने कहा कि जींद के लोगों की जिंदगी को खतरे में झौकने के पीछे भ्रष्टाचार का बड़ा खेल हुआ है। कहा कि मुख्यमंत्री अगले दो दिनों के दौरान जींद जिले में आ रहे है। मुख्यमंत्री खुद प्लांट के नजदीक एक दिन बिता कर देखें ताकि उनको भी अहसास हो जाये की प्लांट का धुंआ और उससे निकलने वाली बदबू में रहना कितना जोखिम भरा है। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट बनाना सीधे तौर पर जींद के लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। प्लांट के विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से जनता के साथ खड़ी है। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट लगाकर यह संदेश दिया गया है कि बड़े उघोगपति की नजरों में लोगों की जिंदगी के कोई मायने नहीं है। इसलिए सरकार तय समय में इस प्लांट को बंद करवाये अन्यथा आंदोलन की आंच झेलने के लिए तैयार हो जाए।

### प्लांट से पहले कॉलोनियां आबाद हो चुकी

हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि रिहायशी क्षेत्र में बायो गैस प्लांट बनाने वालो का अहंकार तोडने और आंखे खोलने के लिए जींद की जनता ने जो आज सांकेतिक ट्रेलर दिखाया है। व्यापार मंडल जींद के प्रधान राजू लखीना ने कहा कि लोग भोपाल कांड को भुल नहीं पाए हैं। उस कांड के कारण आज भी भोपाल के अंदर दर्द सामने आता है। इससे पहले की यह गैस प्लांट जींद की जानों को निगले उससे पहले हर किसी को इसके विरोध में मोर्चा संभालना होगा। माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिह फोर ने कहा कि बायो गैस प्लांट से पहले यहां कॉलोनियां आबाद हो चुकी हैं। सरकार समय रहते समझ जाए और इस प्लांट का तुरंत बंद करवा दे। इस मौके पर कपूर सिंह, सुशील नरवाल, पवन दुहन, धर्मपाल कटारिया, वेद प्रकाश सहित अन्य कालोनीवासी मौजूद रहे।



कैथल। लघु सचिवालय में नारेबाजी करते मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### मांगों का समाधान होने तक संघर्ष जारी रहेगा

कैथल। लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी कैथल के बैनर तले सैकड़ो मजदूरों ने प्रदर्शन कर मांगों का ज्ञापन उपमंडल अधिकारी कैथल को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन नेता चांदीराम तारागढ़ ने की और संचालन भट्ठा मजदूर यूनियन जिला सचिव नरेश कुमार रोहेड़ा ने किया।प्रेस को दी जानकारी में नरेश कुमार और चांदीराम ने बताया 24 घंटे में से 15 16 घंटे दिन रात कड़ी मेहनत करने के बावजूद आज इस महंगाई के दौर में भट्ठा मजदूरों को अपने बच्चों का पेट भरना मुश्किल होता जा रहा है। पिछले कई वर्षों से महंगाई लगातार बहुत ज्यादा बढ़ गई उस अनुपात में मजदूरी बहुत कम बड़ी जिस कारण बट्टा मजदूरों का जीवन भारी संकट में फंसा हुआ है। बच्चों की शिक्षा बीमारी के दौरान इलाज व बिजली पानी रहने लायक आवास आदि मूलभूत सुविधाएं तो भट्ठा मजदूरों से अभी कोसों दूर है। यूनियन ने महंगाई अनुसार मजदूरी रेट बढ़ोतरी को लेकर 13 जनवरी को मांग पत्र दे कर मजदूर इस आस में की कुछ मजदूरी रेट बढ़ोतरी होगी लगातार प्रशासन के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन भट्ठा मालिक हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर आगे से आगे समय दे रहे हैं। इससे मजदूरों में रोष बढ़ता जा रहा है।

# चार पिस्तौल तथा सात जिंदा कारतूस के साथ तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- पुलिस आरोपितों से पूछताछ में जुटी, जांच जारी

सीआईए स्टाफ ने अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से चार पिस्तौल तथा सात कारतूस बरामद किए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव अहिरका के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कारवाई करते हुए युवकों को काबू कर लिया। पुलिसकर्मियों ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे दो पिस्तौल तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव अहिरका निवासी निशांत उर्फ हर्ष के रूप में हुई। वहीं सीआईए स्टाफ नरवाना ने एक निजी स्कूल के निकट चमेला कालोनी निवासी अमन उर्फ मनी को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उधर सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव भाणा ब्राह्मणन निवासी गोल्डी को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। संबंधित थाना पुलिस ने अवैध असलहा के साथ पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



कैथल। अतिक्रमण हटवाते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### छात्रावास रोड से हटवाया अतिक्रमण

कैथल। कैथल शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा ट्रैफिक पुलिस को आदेश दिए गए है, आदेशो पर कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा सड़क पर रेहड़ी लगाकर तथा दुकानों के आगे सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर शहर में सुगम व सुरक्षित तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए थाना प्रबंधक यातायात इंस्पेक्टर सतपाल की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा अभियान तहत पुराना बस अड्डा, छात्रावास रोड़ के पास रेहड़ी लगाकर तथा दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा सामान रख कर किया गया अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रेहड़ी लगाने वाले तथा दुकानदारों को समझाया गया तथा उन्हें बताया गया कि दोबारा सड़क पर रेहड़ी लगाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि सड़क पर रेहड़ी लगाने तथा दुकानों के आगे सामान रखने से रास्ता काफी तंग हो जाता है। जिससे आमजन को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पडता है। भविष्य में भी समय समय पर ऐसे ऐसे अभियान चला कर जारी रहेगें।

## खेत-खलिहान से मंडियों तक पसरा काला तथा पीला सोना, बूंदाबांदी ने बढ़ाई परेशानी

# किसानों के अरमानों पर खतरा बन मंडराया मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रबी फसल गेहूं तथा सरसों की फसलों की आवक मंडियों में शुरू हो गई है। फिर से किसानों के अरमानों पर मौसम खतरा बन कर मंडराने लगा है। वह भी उस दौरान जब गेहूं की कटाई रफ्तार पकड़ रही है। खेत खलिहान से लेकर मंडियों तक सरसों तथा गेहूं की फसल फैली हुई है। मौसम के बिगड़े तेवरों से किसानों की सांसें अटक गई हैं। किसानों को लगातार भय सता रहा है कि कहीं मौसम के बिगड़े तेवर उनकी मेहनत पर पानी न फेर दें। बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 50 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी की भी संभावना है। शुक्रवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दोपहर तक मौसम साफ बना रहा। शाम को मौसम ने तेजी से करवट ली और आकाश में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी शुरू गई। कुछ समय के लिए बारिश भी हुई। जिसके साथ हवा की गति भी 25 किलोमीर प्रति घंटा तक जा पहुंची। आकाश में बादलों के छाने तथा बूंदाबांदी से अधिकतम तापमान में चार डिग्री तो न्यूनतम तापमान मे तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बारिश का सिलसिला भी जारी रहा। गेहूं फसल पक कर तैयार है। कटाई के साथ मंडियों में आवक शुरू हो चुकी है। सरसों फसल की भी आवक बढ़ रही है। गेहूं कटाई का कार्य शुरू ही हुआ था कि मौसम फिर रोडा बन गया। बूंदाबांदी से फसल कटाई तथा कढ़ाई का कार्य बाधित हो गया है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम के यूं ही बिगडैल हालात रहे तो उनकी छह माह की मेहनत पानी में बह जाएगी।



जींद। खेत में पकी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

### आज भी बूंदाबांदी के आसार

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बूंदाबांदी हुई है। शनिवार को भी बादल छाए रहने तथा बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम को देखते हुए किसान कृषि से सबधित कार्य को फिलहाल रोक दे। मौसम साफ होने का इंतजार करें।

# पुराना बस स्टैंड के पास किशोर पर सुए से हमला

- पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुराना बस स्टैंड स्थित रणधीर सिनेमा मार्केट में शुक्रवार को तीन-चार युवकों ने एक 17 वर्षीय किशोर पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। हमले में किशोर घायल हो गया, जिसे डायल 112 टीम की मदद से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के समय किशोर के साथ मौजूद उसके चाचा सौरभ निवासी वजीरनगर ने बताया कि वह अपने भतीजे के साथ सुबह 10 बजे गांव से शहर आए थे। जैसे ही वे पुराना बस स्टैंड पहुंचे, अचानक तीन-चार युवकों ने उसके भतीजे पर सुए से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल किशोर को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस व सीआईए की टीमें भी अस्पताल पहुंचीं और मामले की जांच शुरू की। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने बताया कि अभी तक घायल पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सृष्टि फांडेशन का रक्तदान शिविर कल

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फांडेशन द्वारा पांच अप्रैल रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संयोजक डा. विवेक सिंगला व प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सुबह नौ से पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस बार रक्तदान शिविर की थीम रक्तदान कीजिए, रक्तवीर बनिए है। शिविर संयोजक डा. विवेक सिंगला ने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में उस व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

### मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर धारा 163 लागू

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला मैजिस्ट्रेट मोहम्मद इमरान रजा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किए गए हैं। हरियाणा सरकार का आगामी चार अप्रैल को सफीदों तथा पांच अप्रैल को जींद में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर उनके दौरे के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार कार्यक्रम स्थल एवं हैलीपैड के आसपास दो किमी की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ज्वलनशील पदार्थ रखने, ड्रोन तथा वीवीआईपी मार्ग के दोनों ओर 75 मीटर की दूरी तक वाहन खड़ा करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### स्केटिंग, हैंडबाल खेल की नर्सरी को लेकर ट्रायल कल

**उचाना।** खेल विभाग द्वारा ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा को स्केटिंग खेल की नर्सरी मिली है। नर्सरी में 8 से 19 वर्ष तक के खिलाडि़यों का चयन होना है। स्कूल डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को ईरा इंटरनेशनल स्कूल खिलाडि़यों के चयन के लिए ट्रायल होगी। चयनित 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ी को 1500 रुपए एवं 15 से 19 वर्ष के खिलाडि़यों को 2 हजार रुपए हर माह की दर से छात्रवृति दी जाएगी।

### उचाना में इनेलो ने खोला कष्ट निवारण केंद्र

**उचाना।** उचाना अनाज मंडी में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा एक किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किया गया है। इनेलो नेता बलराज नगूरां की 64 नंबर दुकान पर ये केंद्र बनाया गया। जिला प्रधान बिजेंद्र रेढू ने बताया कि पार्टी ने पहले ही किसान कष्ट निवारण केंद्र खोलने का निर्णय लिया था, जिसके तहत जिले भर की अनाज मंडियों में ये केंद्र बनाए गए है। केंद्र पर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यकर्ता मंडी में आने वाले किसानों की समस्याओं को सुनेंगे।

### जींदः प्रभावी एटीआर अपलोडिंग के निर्देश

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की लंबित पेंडेंसी को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि एटीआर अपलोड करते समय शिकायत का पूरा पूर्व विवरणए की गई कार्रवाई तथा वर्तमान स्थिति स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं संतुलित रूप में दर्ज की जाए ताकि निस्तारण की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक महत्वपूर्ण मंच है।

### कई स्थानों से ट्रांसफार्मरों के बिजली उपकरण चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग स्थानों से बिजली ट्रांसफार्मरों को चोरी कर लिया। निगम अधिकारियों की शिकायतों पर पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने नेहरा में बिजली ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। वहीं गांव खरड़वाल खेतों से भी बिजली ट्रांसफार्म के उपकरणों को चोरी कर लिया गया। उधर, गांव बडौदा निवासी प्रदीप के खेत में भी चोरों ने ट्रांसफार्मर के उपकरणों को चोरी कर लिया।

### 9वीं से 12वीं कक्षा तक 1000 रुपये प्रति माह मिलेगी छात्रवृत्ति

# 137 ने पास की नेशनल मींस मेरिट कम स्कॉलरशिप परीक्षा

### विद्यार्थियों का शैक्षिक विकास करना परीक्षा का उद्देश्य

**सबसे ज्यादा उचाना ब्लाक के विद्यार्थी उत्तीर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप (राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा) में जिले के 137 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक एक हजार रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाएंगे। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य सरकारी, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में पढने वाले प्रतिभाशाली जरूरतमंद बच्चों का चयन कर उनका शैक्षिक विकास करना है। हरियाणा राज्य में इस योजना के अंतर्गत 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

गत 30 नवंबर 2025 को जींद शहर में एनएमएमएस के तहत दस केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। 3105 विद्यार्थियों में से 2714 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 391 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। नेशनल मींस मेरिट कम स्कालरशिप परीक्षा के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के दो भाग थे। पहले भाग में मानसिक योग्यता परीक्षण आधारित प्रश्न पूछे गए थे। इस भाग में विद्यार्थियों की मानसिक योग्यता तर्क, विश्लेषण व संश्लेषण को जांचने के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। कुल 90 प्रश्न होते हैं जो कि प्रत्येक एक-एक अंक का था। सभी प्रश्न अनिवार्य होते हैं। वहीं दूसरा भाग बौद्धिक योग्यता परीक्षण पर होता है। इस भाग में भी 90 प्रश्न पूछे जाते हैं। जिसमें विज्ञान के 35 प्रश्न, गणित के 20 प्रश्न और सामाजिक विज्ञान के 35 प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होता है। सभी प्रश्न अनिवार्य होते हैं। अब परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया हैए जिसमें जिले के 137 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।जिले के 137 विद्यार्थियों ने एनएमएसम परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिसमें नरवाना ब्लाक के सबसे ज्यादा विद्यार्थी पास हुए हैं। 137 विद्यार्थियों में से जींद ब्लाक के 15, जुलाना ब्लाक के सात, अलेवा ब्लाक के आठ, पिल्लूखेड़ा ब्लाक के दो, सफीदों ब्लाक के 18, नरवाना ब्लाक के 66 व उचाना ब्लाक के 21 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि जिले के 137 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं और लगातार मेहनत करते हुए आगे बढ़े। राष्ट्रीय साधन सह पात्रता छात्रवृत्ति परीक्षा शिक्षा विभाग की एक अच्छी पहल है। इसमें परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं कक्षा तक हर महीने एक हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाते हैं।


जींद। डाहौला गांव में तालाब में गंदे पानी को लेकर रोष प्रकट करते हुए पशु पालक तथा तालाब में बैठी दिखाई देती भैंस।

## तालाब में दूषित पानी को लेकर डाहौला के पशु पालकों में प्रशासन के खिलाफ रोष

### पानी दूषित होने के चलते पशु बीमारी की चपेट में आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डाहौला गांव स्थित तालाब का काफी दिनों से पानी दूषित होने के चलते पशु बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। जिसके कारण गांव के पशु पालकों में जिला प्रशासन के खिलाफ रोष है। डाहौला गांव स्थित पशु पालक रणधीर रामदिया, बारूराम, चंद्र भान, महिपाल सुरेश कुमार, सुबे सिंह, रामसिंह आदि ने कहा की गांव का गंदा पानी पशु तालाब तीर्थ में छोडऩे से तीर्थ तालाब का पानी पूरी तरह से दूषित हो चुका है। जिसके चलते आए दिन पशु बीमार हो रहे हैं। यही नहीं गांव में पशुओं को पानी पिलाने के लिए एक ही तालाब होने के कारण पशु पालकों को मजबूरी में यहीं पशुओं को पानी पिलाना पड़ रहा है। जिसके कारण गंदा पानी पीने से दुधारू पशु का स्वास्थ्य खराब होगा और वही दूध मनुष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। यह न केवल दूध की गुणवत्ता को ही कम करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए अनेक गंभीर बीमारियां भी पैदा कर सकता है। गांव के पशु पालकों ने जिला प्रशासन से तालाब में साफ पानी डलवाने की मांग की है ताकि पशु बीमार न हो।

**सैंपल लिए जाएंगेः पशु सर्जन**

पशु सर्जन कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि तालाब का निरीक्षण कर पानी के सैंपल लिए जायेंगे और संबंधित विभाग से पत्राचार कर गंदा पानी की निकासी करवाई जाएगी व तालाब में साफ पानी डलवाने की मांग की जाएगी ताकि पशु पालकों को बीमारी से भयमुक्त किया जा सके।

**पंचायत को दिए जाएंगे निर्देश**

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अलेवा जयपाल ने बताया कि सरपंच ग्राम पंचायत डाहौला को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करवाया जायेगा। पशु साफ पानी पी सके उसकी व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी भी पशु पालक कोई परेशानी ना झेलनी पड़े।

### सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि महावीर हनुमान शक्ति व ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता व सेवा के भी प्रतीक हैं। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि ज्ञान यदि विनम्रता नहीं लाता तो वह अज्ञान है। शक्ति का उपयोग यदि सेवा में ना हो तो वह विनाष का कारण बनती है। इसीलिए हनुमान जी शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता व सेवा के भी प्रतीक हैं। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में देर सायं श्री हनुमान जन्मोत्सव पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते प्रवचन में व्यक्त किए। बाबा के भक्तों ने सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया व मधुर भजनों के द्वारा हनुमान जी का गुणगान किया। समाजसेवी सोमवीर पहलवान व पूर्व नगर परिषद् चेयरपर्सन डा.सुदेष देवी ने उपस्थित रहकर सपरिवार महावीर हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया।


जींद। माता वैष्णवी धाम में भजन गाते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि


ध्वजा यात्रा को रवाना करने के मौके पर मौजूद प्रधान राजकुमार गोयल।

### श्रद्धालुओं ने निकाली ध्वजा यात्रा

**जींद।** धार्मिक आयोजन न केवल हमारी संस्कृति को मजबूत करते हैं बल्कि समाज को जोड़ने का कार्य भी करते हैं। यह वक्तव्य अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने दिया। गोयल जयंती देवी मंदिर में श्री श्याम दीवाना मंडल जींद द्वारा पहली बार आयोजित विशाल पैदल ध्वज यात्रा में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया। इस पैदल ध्वज यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं की संख्या अच्छी खासी थी। यह यात्रा जयंती मंदिर से शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रूपया चौक, झांझ गेट, बैंड मार्केट, रामराये गेट, बैंक रोड, पालिका बाजार, रानी तालाब होते हुए बनखंड महादेव मंदिर पर संपन्न हुई।

### लापता बच्चे को परिजनों से मिलाया

**जींद।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता, भटके बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया गया। थाना उचाना के प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सहायक उपनिरीक्षक सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में उनकी एक टीम गश्त पर थी। तभी बस अड्डा सफाखेड़ी के पास नौ वर्षीय बालक लावारिस हालत में घूमता देखा। पूछताछ के दौरान बालक की पहचान नीरज पुत्र माताबदन निवासी गांव औरंग जिला बांदा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते बालक से पूछताछ की व परिजनों की तलाश शुरू की । मुस्तैदी और सूझबूझ के चलते पुलिस ने मात्र चार घंटों में बालक के परिजनों से संपर्क स्थापित किया। नियमानुसार बालक का मेडिकल परीक्षण करवाया गया तथा उसे बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश कर काउंसलिंग करवाई गई।


जींद। गुम हुआ बच्चा अपने परिजनों के साथ। फोटो :हरिभूमि



जींद। जागरूकता अभियान चलाए हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### संतुलित आहार अपनाने का आह्वान

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के संस्कृत विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य जागरूकता डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन गांव खोखरी में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना एवं उन्हें जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार एवं समाज की उन्नति का आधार है। अतः इस दिशा में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छता, पोषण, एनीमिया, मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## एबीवीपी की मांग पर यूजीसी ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विवि इकाई द्वारा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति को समय पर जारी करवाने तथा भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस विषय पर संज्ञान लेते छात्रवृत्तियों के भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली को अनिवार्य करने संबंधी सार्वजनिक सूचना जारी की है। यूजीसी द्वारा जारी इस सूचना के अनुसार अब सभी छात्रवृत्तियों और फेलोशिप का भुगतान केवल आधार से लिंक किए गए बैंक खातों में ही किया जाएगा। इसके लिए सभी लाभार्थी विद्यार्थियों को अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग करवाना अनिवार्य होगा तथा स्कोलरशिप एंड फैलोशिप मैनेजमेंट पोर्टल पर भी आधार विवरण अपडेट करना होगा। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलने में देरी की समस्या को लेकर परिषद लंबे समय से आवाज उठा रही थी। इसी कड़ी में विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन देकर और अधिकारियों से मिलकर इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया था।

## आढ़ती एसोसिएशन की मांगों पर सरकार को अमल करना चाहिए : सुभाष गांगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। रोष जताते पूर्व विधायक सुभाष गांगोली। फोटो :हरिभूमि

पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में आढ़ती एसो द्वारा सरकार के नए खरीद नियमों को लेकर बैठक बुलाई। जिसको समर्थन देने सफीदों से पूर्व विधायक सुभाष गांगोली भी पहुंचे थे। वहां आढ़ती एसो द्वारा रखी मांगों पर अपनी सहमति जताई और सरकार को इन मांगों पर अमल करने की हिदायत दी। आढ़ती एसो ने मांग की है कि सरकार ने जो सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक गेट पास देने का नियम बनाया है, उसको खत्म किया जाए। बायोमेट्रिक को रद्द किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट की अनिवार्यता समाप्त की जाए। फसल की नमी में चार प्रतिशत की रियायत दी जाए। इलेक्ट्रोनिक कांटे की अनिवार्यता समाप्त की जाए। आढ़ती एसो ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो मांगे मानने तक कल से मंडी के गेट पर ताला जड़ कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पार्षद हैप्पी कालवा, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक प्रधान विक्रम कुंडू, आढ़ती एवं सिंगरोहा खाप प्रधान रमेश जामनी, आढ़ती जसबीर देशवाल, आढ़ती चांदराम देशवाल, आढ़ती तेज सिंह कुंडू, बलजीत सरपंच, विजयपाल सरपंच आदि मौजूद रहे।


जींद। जनसंपर्क अभियान के दौरान टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

## जींद में होने वाली विकास रैली की सभी तैयारियां पूरी : कंडेला

- विकास रैली में भारी जनसैलाब उमड़ने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि पांच अप्रैल को जींद में होने वाली विकास रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कंडेला ने कहा कि सभी 36 गांव में व शहर के 31 वार्डों में प्रदेश के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा के नेतृत्व में व सभी कार्यकर्ताओं की टीम ने घर-घर जाकर सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें लोगों में विकास रैली में भारी जनसैलाब उमड़ने की उम्मीद है। कंडेला ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पांच अप्रैल को जींद में कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। जिसे जींद में विकास की गति पूरी तरह से तेज हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के डिप्टी स्पीकर के प्रयासों में जींद में बाहरी विकास कार्य हुए हैं। जींद जिले में पांच में से चार सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। इस जीत के लिए मुख्यमंत्री जींद में लोगों का धन्यवाद भी करेंगे। टेकराम कंडेला ने कांग्रेस पार्टी व क्षेत्रीय दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ और लूट की राजनीति अब हरियाणा में खत्म हो चुकी है। प्रदेश की सरकार किसान, मजदूर, गरीब आदमी हित में पूरी तरह से काम कर रही है और प्रदेश के मुख्यमंत्री दिन रात लोगों की समस्याओं का पूरी तरह से समाधान कर रहे हैं। कंडेला ने कहा कि किसानों की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जाएगा और किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। जो पार्टी लोगों को गुमराह करने में लगी हुई है, अब जनता इनके बहकावे में आने वाली नही है। लोग इनकी असलियत को पहचान चुके हैं। खाड़ी देशों में चल रहा युद्ध इस संकट की घड़ी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है और हर चीज पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उनके साथ कृष्ण रेढ़ू, सुल्तान कंडेला, राममेहर कंडेला, सतवीर बहोतवाला, मेहताब सिंह अहलावत, चांदी अमरहेड़ी, हैप्पी कंडेला उनके साथ थे।

### विवि में कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल तनाव पर व्याख्यान

# तनाव से बचाव के लिए प्रभावी उपाय अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सीआरएसयू में व्याख्यान में भाग लेते मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग में कार्यस्थल तनाव वर्क स्ट्रेस विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर डा. उमेद सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते कार्यस्थल तनाव को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने तनाव और दबाव के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि तनाव बाहरी दबाव होता है, जबकि उस दबाव का व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाला प्रभाव है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति समय रहते इन संकेतों को पहचान ले तो गंभीर समस्याओं से बचाव संभव है। उन्होंने तनाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यस्थल पर अस्पष्ट जिम्मेदारियां, भूमिका संघर्ष और अत्यधिक अपेक्षाएं तनाव के प्रमुख कारण हैं। इसके साथ ही उन्होंने व्यक्ति पर्यावरण अनुकूलता मॉडल की व्याख्या करते हुए कहा कि जब व्यक्ति की क्षमताओं और कार्य वातावरण के बीच संतुलन नहीं होता तो तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है। व्याख्यान के दौरान डा. उमेद सिंह ने काम का तनाव की समस्या पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लगातार कार्य दबाव और मानसिक थकान के कारण व्यक्ति भावनात्मक रूप से कमजोर हो जाता है जिससे उसकी कार्यक्षमता और उत्पादकता प्रभावित होती है। उन्होंने तनाव से बचाव के लिए प्रभावी उपाय अपनाने की सलाह देते कहा कि समय प्रबंधन, संतुलित जीवनशैली, नियमित व्यायाम, योग, ध्यान और सकारात्मक सोच को जीवन में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थानों में सहयोगात्मक वातावरण और खुला संवाद तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## डीईईओ ने नामांकन अभियान के काफिले को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शुरू किया अभियान

■ सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या का कम होना चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जिला प्रधान रामफल दयोहरा की अगुवाई और जिला सचिव अमरनाथ किठानिया के संचालन में नामांकन अभियान की शुरुआत की। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रांगण से डीईईओ प्रमोद कुमार ने नामांकन अभियान के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ कार्यालय अधीक्षक सुरेश कौशिक, उप अधीक्षक नरेश शर्मा व हितेंद्र कुमार और सहायक प्रवीन थरेजा भी मौजूद रहे।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा व जिला संगठन सचिव सुरेश द्रविड़ ने बताया कि आज ककौत, पिलनी व पाई के स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु टीमें चलाई गई। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के ढांचे को हमारे पूर्वजों ने अपनी जमीन देकर व अपने पैसों से भवन बनाकर इस उम्मीद से खड़ा किया था कि आने वाली पीढ़ी इनमें शिक्षा ग्रहण करेगी और सरकारी रोजगार प्राप्त करने के साथ साथ बेहतर समाज का निर्माण करेंगी। पर प्राइवेट स्कूलों की बनावटी चकाचौंद और सामाजिक दिखावे के चलते अविभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेज रहे हैं, जबकि हर तरह की सुविधा व प्रशिक्षित शिक्षकों के होते हुए भी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या का कम होना चिंता का विषय है। अतः संगठन ने पहले भी कई बार इस तरह के अभियान चलाकर और अध्यापकों व छात्रों के अभिभावकों के बीच जाकर सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार भी संगठन इस दिशा में भरसक प्रयास करते हुए शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को मजबूत करने में हरसंभव योगदान देगा।



कैथल। दाखिला अभियान चलाते अध्यापक
फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती,सोनिया व मोनू देवी,ब्लॉक प्रधान/सचिव में से कृष्ण आर्य, नारायण दत्त, राजकुमार कश्यप,महावीर अटवाल, रामभगत, सुशील ढुल,लछमन शास्त्री सुधीर शर्मा व विजय क्योडक विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एडीसी ने जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

# नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हर वर्ग मिलकर काम करें: सुशील

नियमों का उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस रद्द करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि एक नशा मुक्त समाज के लिए सभी संबंधित विभागों और समाज के हर वर्ग को मिलकर काम करना होगा। नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक प्रभावी एवं तेज किया जाए। प्रत्येक गांव के बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर नशा मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों और हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित सूचना बोर्ड लगाए जाएं। इससे आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और प्रशासन की सख्ती का संदेश भी जाएगा।

एडीसी सुशील कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और जमीनी स्तर पर नशे की रोकथाम के लिए ठोस रणनीतियों पर चर्चा की गई।

एडीसी ने जिला ड्रग कंट्रोलर को निर्देश दिए कि वे सभी मेडिकल स्टोर की सख्त निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि दवाइयां केवल डॉक्टर के पर्ची पर ही दी जाएं। साथ ही, मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की समय समय पर चेकिंग भी की जाए। इसके अलावा जब भी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया जाए, तब पुलिस को भी साथ लिया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस रद्द करने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे सरपंचों के साथ बैठक करें और उनसे इस मामले में सहयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि नशा करने वालों और नशा बेचने वालों के बारे में पुख्ता जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि एक नशा मुक्त समाज बनाने में ग्राम पंचायत, सरपंच और स्थानीय प्रतिनिधि अहम भूमिका निभा सकते हैं। एडीसी ने गांवों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्पोर्ट्स किट वितरण का प्रस्ताव रखा। इसके लिए सांसद और खेल विभाग के माध्यम से बजट उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे ऐसे गांवों की सूची तैयार करें, जहां खेल किट की विशेष आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने जिला खेल अधिकारी को स्टेडियमों एवं खेल नर्सरियों में सेमिनार आदि आयोजित करने के निर्देश दिए।

एडीसी सुशील कुमार ने सीएमओ को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और कमियां मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाए। एडीसी ने जिला न्यायवादी को निर्देश दिए कि वे नशे एवं चिन्हित अपराध से संबंधित केस की मजबूत से पैरवी करें, ताकि आरोपी को सजा मिले और पीड़ित को समय पर न्याय। साथ ही, पुलिस अधिकारियों और ड्यूटी मजिस्ट्रेटों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।


कैथल। एडीसी सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए
फोटो : हरिभूमि

### जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही : डीएसपी

बैठक में डीएसपी कुलदीप बैनीवाल ने बताया कि ड्रग तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। पिछले महीने एनडीपीएस एक्ट के तहत कई आरोपियों की संपत्तियां सीज की गई हैं। साथ ही नशा मुक्ति टीम द्वारा 216 जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

▶▶| नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें

▶▶| प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएसपी कुलदीप बैनीवाल, डीएसपी ललित यादव, सीएमओ डा. रेणु चावला, जेल अधीक्षक अशोक कुमार, बीडीपीओ रितु शर्मा, जिला, समाज कल्याण अधिकारी अमितेंद्र श्योकंद, जिला खेल अधिकारी राज रानी, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विनोद बंसल को अध्यक्ष, रविकांत को सचिव राहुल को वित्त सचिव के पद पर नियुक्त किया

■ नव संवत 2083 में भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नव संवत 2083 के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस दौरान विनोद बंसल को अध्यक्ष, रविकांत गर्ग को सचिव तथा राहुल सिडाना को वित्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रांत व जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों अशोक गुप्ता, हरीश चावला और हर्ष सेठी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद एक सेवा, संस्कार और समर्पण का संगठन है, जो समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भाव के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे तथा समाजहित में अधिक से अधिक कार्य करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही युवाओं को संगठन से जोडक़र समाज सेवा के कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी, ताकि एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों ने भी अपने विचार रखते हुए नई टीम को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा जताया और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रभात गोयल, सुनील गर्ग, मुनीश गुप्ता, अमित टाया, प्रवीण मित्तल, विकास सिंगला और रजनीश गर्ग सहित परिषद के अनेक पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।


पूंडरी। प्रधान विनोद बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपते परिषद के जिला स्तर पदाधिकारी।

### विकास कार्यों का निरीक्षण, खामियों पर सख्त निर्देश



पूंडरी। नगरपालिका चेयरपर्सन बब्ली गोस्वामी द्वारा शहर के वार्ड नंबर 13 और वार्ड नंबर 3 में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्यों में खामियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को तुरंत सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग और निर्धारित मानकों की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कार्य संतोषजनक नहीं पाए गए तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पार्षद ज्योति सैनी, नसीब, विक्की, जितेंद्र सहित वार्डवासी भी उपस्थित रहे।

### मेहंदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति ने लगाया भंडारा

कैथल। मेहंदीपुर बालाजी दर्शन सेवा समिति कैथल की ओर से हनुमान वाटिका, करनाल रोड , कैथल में भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर आठवां विशाल जागरण, सुन्दरकाण्ड पाठ व अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित राजन शांडिल्य (जगाधरी वाले) ने अपनी मधुर वाणी से सुंदर कांड का पाठ किया। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका शुभांगी सोनी (उड़ीसा से) और गायक यधूवंशी ब्रदर्स (अमृतसर वाले) ने अपने भजनों के माध्यम से बालाजी का गुणगान किया। उनकी तरफ से गाए गए भजनों से पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध हो गया। शुभांगी सोनी की ओर से गाए गए भजन मेरा इतना सा काम कर दो हनुमान, राम जी के चरणों में रहते हो तुम, रामजी जो कहते, वो करते हो तुम। रामजी के संग रहते तुम, आठ याम, रामजी से मिलवा दो होगा एहसान। मेरा इतना सा काम कर दो। खड़ताल लेकर नाचे अंजनी का लाल, कोई देखे या न देखे बाबा देख रहा है, मेरी कुटिया के भाग आज खुल गए है, पर श्रद्धालु खूब झूमे। साथ में यधूवंशी ब्रदर्स ने अपने भजनों से सभी को नाचने पर विवश कर दिया। उन्होंने अपने भजन भजन करो भरी जवानी में और देखो देखो आ गया बजरंग वाला है और बता मेरे यार सुदामा से सभी का मन मोह लिया। शनिधाम मथुरा से 1008 महामंडलेशवर विजयानंद सरस्वती और दिल्ली से धर्म प्रचारक महंत अनिल शर्मा विशेष रूप से कीर्तन में शिरकत की।

## चालक प्रशिक्षुओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राज्य परिवहन जिला कैथल के बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में हुआ जिसमें हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने चालक प्रशिक्षुओं के साथ सरल वार्तालाप करते हुए बताया कि प्रतिबंधित नशों के लिए भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट 1985 लागू है। इस अधिनियम के अनुसार भारत में प्रतिबंधित नशे उत्पन्न करना सेवन करना रखना क्रय विक्रय करना आदि आपराधिक कार्य है। उन्होंने नशे के प्रकार, किस प्रकार समाज में बच्चों के बीच पहुंचता है।

### इंडस प्ले स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



कैथल। इंडस प्ले स्कूल कैथल में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर एक भव्य हवन समारोह का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूँज उठा तथा सभी ने मिलकर ईश्वर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तनु पुनिया, मेंटर मैडम बिमला सुरजेवाला तथा हेडमिस्ट्रेस श्रीमती अनीता मनचंदा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ को नए शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। हवन यज्ञ के माध्यम से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ, जिससे नए सत्र की शुरुआत अत्यंत शुभ एवं उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## सांसद नवीन जिन्दल ने किया 100 टीबी मरीजों को अडॉप्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिन्दल की ओर से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 100 टीबी मरीजों को नियमित रूप से राशन सामग्री वितरित की जा रही है। इस पहल के तहत टीबी मरीजों को पोषण सहयोग के रूप में चौथे महीने की राशन सामग्री दी गई। मरीजों को यह पोषण सामग्री प्रदान कर, उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उचित मार्गदर्शन भी किया गया। कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि टीबी आज भी एक गंभीर बीमारी है, जो बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है, लेकिन समय पर जांच, नियमित दवा, संतुलित पोषण और सही जागरूकता के माध्यम से इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का संकल्प है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाकर देश के सामने एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाए।

## समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटान में कैथल प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर जिला प्रशासन के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटान में कैथल जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन को बधाई दी। इसके उपरांत एडीसी डा. सुशील कुमार ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद, सीपीग्राम और एसएमजीटी पोर्टलों आने वाली लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों का आयोजन आमजन की समस्याओं के त्वरित निपटान के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर ही शिकायतें सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं।

### फूटबाल टीम के चयन के लिए ट्रायल

कलायत। कलायत के गांव चौशाला स्थित सरकारी स्कूल में फूटबाल टीम के चयन के लिए ट्रायल हुई। जिला खेल विभाग द्वारा तय रूप रेखा अनुसार कोच बलविंदर और विनित द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से पूरी की गई। इसमें 25-25 लडक़े-लडक़ों का चयन हुआ। जबकि 10-10 खिलाडिय़ों को फिलहाल वेटिंग सूची में रखा गया है। प्रक्रिया की रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रेषित की गई है। गांव चौशाला में फुटबॉल खेल नर्सरी की ट्रायल के लिए 3 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया था। खिलाडिय़ों का चयन सरकार की नीति अनुसार किया गया। हरियाणा सरकार की तरफ से 8 वर्ष से 14 वर्ष के लिए 1500 रुपए व और 15 से 19 वर्ष के खिलाडिय़ों को 2 हजार रुपए डाइट भत्ता मिलेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

कैथल। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव कंवल कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई को कैथल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्षा कंचन माही के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के मामलों को आपसी सहमति और त्वरित गति से सुलझाया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से दीवानी, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, रिकवरी मामले, बिजली एवं पानी के बिल से संबंधित विवाद, श्रम विवाद और कंपाउंडेबल आपराधिक मामले तथा प्री-लिटिगेशन मामले सुने जाते हैं। लोक अदालत में विवाद सुलझाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें किसी भी प्रकार का अतिरिक्त न्यायालय शुल्क देय नहीं होगा। इतना ही नहीं, यदि मामले में पहले से कोई न्यायालय शुल्क जमा किया गया है, तो उसे नियमानुसार वापस कर दिया

स्पर्धा

डॉ. बी आर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम

# पीपीटी में एकता ने मारी बाजी और भाषण प्रतियोगिता में खुशी अव्वल

विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने का दिया संदेश

■ विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों विशेषकर नशे के दुष्प्रभाव तथा रोकथाम के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डा. बी आर अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा में नारको कारडिनेशन सैंटर गतिविधियों के अंतर्गत ड्रग्स अवेयरनैस कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय अतंरमहाविद्यालय भाषण एवं पी पी टी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज कुमार भाम्भू ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। आशा है कि महाविद्यालय में भाषण देने वाले विद्यार्थी भविष्य में श्रेष्ठ वक्ता बनेंगे। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा जो अन्य विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सरिता ने बताया कि विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों विशेषकर नशे के दुष्प्रभाव तथा रोकथाम के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा अन्य विद्यार्थियों को जागरूक किया। आशा है कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूक होंगे तथा वह इन बुराईयों से दूर रहेंगे। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में डा. अभिषेक गोयल, डा. नविता अदलखा और डा. सीमा दीक्षित और भाषण प्रतियोगिता में डा. कृतिका एवं डा. राम गोपाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाहन किया। डा. नीलम ने मंच संचालन किया। डा. अभिषेक गोयल, डा. सविता, डा. सीमा दीक्षित, डा. कृतिका, डा. रामगोपाल, डा. नविता अदलखा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



कैथल। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार भाम्भू अव्वल रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।
फोटो : हरिभूमि

### इन महाविद्यालयों की टीम ने हिस्सा लिया

डा. बी आर अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल, इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल, राजकीय महाविद्यालय राजौंद, राजकीय महिला महाविद्यालय चीका और चै. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में खुशी प्रथम, कोमल द्वितीय तथा मंजीत तृतीय स्थान पर रही। पी टी प्रतियोगिता में एकता प्रथम, रजनी द्वितीय तथा अनमोल तृतीय स्थान पर रहे।

## खबर संक्षेप

### पीड़ितों को भड़काने के दो आरोपी किया काबू

**जींद।** सफीदों फैक्टरी अग्निकांड में मृतकों व घायलों को आर्थिक सहायता नहीं लेने देने व उनको भड़काने के दो आरोपितों कोपुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए। वहीं सीटू ने गांव हाट निवासी राधेश्याम को भी इस मामले में पुलिस द्वारा उठाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस इससे मना कर रही है।

### नपा में आज होगी भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**कलायत।** कलायत नगर पालिका में 4 अप्रैल को भाजपा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में कलायत मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्षों व बीएलओ-2 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इ इसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत करेंगे। मंडल महामंत्री सचिन शर्मा व रमेश ढूंढवा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ करना एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा करना है।

### खेड़ी रायवाली में नकदी व आभूषण चोरी मामले में 3 आरोपी काबू

**कैथल।** गांव खेड़ी रायवाली में घर से नकदी व आभूषण चोरी के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान गांव खेड़ी रायवाली निवासी राहुल, कमल कुमार व रितिक के रूप में हुई है। सुदेश कुमारी ने शिकायत दी थी कि 31 मार्च को वह सुबह करीब 9:30 बजे घर के कामकाज के दौरान दूसरे प्लॉट में गई थी। इसी दौरान ने राहुल उनके घर में घुस कर चोरी की।

### बायो मेट्रिक पर उचाना में बने 12 प्वाइंट : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि फसल लेकर मंडी आने वाले किसानों को जो नियम बनाए है उनसे किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर शासन, प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए गए है। बायो मेट्रिक को लेकर उचाना में 12 प्वाइंट बनाए गए है। हाइवे स्थिति अतिरिक्त मंडी में 4, उचाना पुरानी मंडी में 3, छात्तर सब यार्ड में 2, परचेज सेंटर घोघडिया, काब्रच्छा व धनखड़ी में 1-1 बायो मेट्रिक प्वाइंट बनाया है।

### मार्च में 74 मामलों में 92 आरोपी काबू

**कैथल।** मार्च माह में पुलिस अपराधियों पर भारी रही। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 74 मामलों में 92 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जानकारी देते हुए बताया कि मार्च माह दौरान संपेती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 21 मामलों में 26 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 12 लाख 89 हजार रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है।

### लितानी रोड अंडरपास में लगेगी लाइटें

**उचाना।** उचाना क्षेत्र के लोगों की काफी पुरानी लितानी रोड स्थित अंडरपास में लाइटें लगाने की मांग आने वाले दिनों में पूरी होने वाली है। नपा प्रधान विकास काला ने बताया कि रेलवे द्वारा लितानी रोड पर यू आकार का अंडरपास बनाया गया है। शाम होते ही यहां पर अंधेरे हो जाता है। यहां से पैदल अंडरपास से होकर आने-जाने वालों को परेशानी होती है।

### बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई, 10 इंपाउंड

**कैथल।** जिले में ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ तथा बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है और नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### 16 से शुरू होगी स्वयं जनगणना प्रक्रिया : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद रजा ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया में एक बड़े बदलाव के तहत अब नागरिक आगामी 16 अप्रैल से निर्धारित पोर्टल पर स्वयं जानकारी भरकर भाग ले सकेंगे। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक अपने घर से ही सुरक्षित तरीके से अपनी पारिवारिक जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भर सकेंगे।

## नागरिक अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था बन कर तैयार, नहीं खड़े कर रहे वाहन

### रोक-टोक न होने के चलते चालक अपने वाहनों को खड़ा कर रहे जगह-जगह

### नई बिल्डिंग के मुख्य गेट तक के बाहर खड़ा कर रहे वाहन

# हमारी ही लापरवाही न ले ले किसी गंभीर की जान

**इमरजेंसी हुई तो एंबुलेंस से मरीज को पहुंचाने में होगी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 25 लाख रुपये की लागत से पार्किंग बन कर तैयार है। बस कुछ पैच वर्क रह गया है। बावजूद इसके कोई रोक-टोक न होने चलते चालक चालक अपने वाहनों को अस्पताल मेंजगह-जगह खड़े कर रहे हैं। मुख्य रास्ते व मेन गेट तक पर वाहन हर समय खड़े देखे जा सकते हैं। जिससे अगर एंबुलेंस से गंभीर मरीज को अस्पताल तक लाना हो तो इन वाहनों को हटाते-हटाते गंभीर मरीज की जान पर बन आती है। हालांकि पार्किंग व्यवस्था को बनाने के लिए एचकेआरएनएल कर्मियों को नियुक्त किया जाता है लेकिन वो भी व्यवस्था बना पाने में कामयाब नही हो पाते हैं।

नागरिक अस्पताल में 25 लाख रुपये की लागत से सीटी स्कैन सेंटर के सामने पार्किंग बन कर तैयार है। हालांकि इस समय कुछ पैच वर्क चल रहा है। लोग अपने वाहनों को खड़ा भी कर रहे हैं लेकिन अधिकतर वाहन चालक अपने वाहनों को अस्पताल में जगह-जगह खड़े कर रहे हैं। जिससे कभी भी हादसे के दौरान स्वास्थ्य प्रशासन को परेशानी हो सकती है। अस्पताल में ओसतन 1800 लोग उपचार के लिए आते हैं और 700 के लगभग बाइकें व कारें यहां जगह-जगह खड़ी होती हैं। इसके अलावा स्टाफ के वाहन अलग से हैं। जो परेशानी का सबब बनते हैं। नागरिक अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग के सामने हालात यहां तक होते हैं कि मुख्य गेट तक वाहन खड़े होते हैं।






जींद। 11 नागरिक अस्पताल में जगह-जगह खड़े किए गए वाहन।

#### कर्मी ड्यूटी में करते हैं लापरवाही

वाहनों को लाइन में लगवाने के लिए एचकेआरएनएल के तहत लगे कर्मियों की ड्यूटियां समय-समय पर लगाई जाती हैं लेकिन यह कर्मी ड्यूटी सही तरीके से नही करते। जिसके चलते अस्पताल की नई बिल्डिंग के सामने मुख्य गेट पर, नई बिल्डिंग के पीछे, ऑक्सीजन प्लांट के साथ वाहन चालक अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं। वहीं जब इन वाहन चालकों को रोकने का प्रयास किया जाता है तो वो लडने पर भी उतारू हो जाते हैं।

#### कभी भी मरीज के साथ हो सकता है हादसा

नागरिक अस्पताल में हर समय एंबुलेंस का आवागमन होता है। वाहन चालक भी अपनी जिम्मेवारी को नही समझते हैं। अस्पताल में जगह-जगह दोपहिया वाहन, कारें खड़ी करके चालक भीतर चले जाते हैं। ऐसे में यदि किसी गंभीर को एंबुलेंस से अस्पताल में लाना हो तो परेशानी बन जाती है।

#### नागरिक अस्पताल में सक्रिय है चोर गिरोह

नागरिक अस्पताल में वाहन चोर व पॉकेट मार चोर गिरोह सक्रिय है। प्रतिदिन कभी अस्पताल में दवा खिड़की, कभी पर्ची काउंटर तो कभी अस्पताल परिसर में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। कभी किसी का मोबाइल तो कभी किसी के जेब से रुपये निकाल लिए जाते हैं। हालांकि नागरिक अस्ताल में जगह-जगह सीसी टीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

#### वाहनों को सोच समझ कर करें पार्क : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि पार्किंग व्यवस्था के लिए कर्मियों को हिदायत दी गई है। मुख्य गेट के सामने कोई पार्किंग नहीं है। उन्होंने चालकों से आह्वान किया कि वो अपने वाहनों को सोच समझ कर खड़ा करें ताकि गंभीर मरीजों को लाने व ले जाने में कोई परेशानी न हो।



कैथल। कैथल में नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न होने पर खुशी जाहिर करते फार्मेसी एसोसिएशन पदाधिकरी एवं सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### कृष्ण बने एसोसिएशन के अध्यक्ष

## जिला फार्मेसी संगठन की कार्यकारिणी गठित

- बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और आमजन को बेहतर करवाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला एसोसिएशन आफ गवर्नमेंट फार्मेसी ऑफिसर हरियाणा की कैथल में बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने के लक्ष्य को लेकर नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वीरेंद्र गुप्ता, ईश्वर सिंह, संजीव सचदेवा व रामपाल ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। बैठक में मंच का संचालन राहुल राय ने किया। खास बात यह रही कि एक राय बनाते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन हुआ। इसमें कृष्ण को जिला प्रधान का ताज पहनाया गया जबकि राहुल राय को जिला सहसचिव व मीडिया प्रभारी, मनदीप मोठसरा जिला महासचिव और जोगेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली। चुनावी बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि सब एकजुट रहेंगे और संगठन को मजबूत रखा जाएगा।

#### बैठक में ये रहे उपस्थित

नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की आवाज को प्रभावी तरीके से बुलंद करेगी। नवगठित कार्यकारिणी न केवल कर्मचारियों के हितों को रक्षा करेगी बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने का काम करेगी। इस अवसर पर फार्मेसी अधिकारी सुशील कुमार, जगधीर, अनिल, योगेश, नीरज, संजय, सुमित, बलिंदर, अनीता, हरबीर, मलकीत व दूसरे अधिकारी मौजूद रहे। चुनावी प्रक्रिया के उपरांत नई जिला कार्यकारिणी सिविल सर्जन कैथल से मिली और सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने सहयोग का आश्वासन दिया।

## महिला व बच्ची को परिजनों से मिलवाया

- सरकारी अस्पताल कैथल से लावारिस हालत में हुई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

2 अप्रैल की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच थाना सिविल लाइन के पीएसआई मंजीत सिंह की टीम को कंट्रोल रूम कैथल से सूचना मिली कि एक महिला अपनी छोटी बच्ची के साथ सरकारी अस्पताल कैथल के पास लावारिस हालत में बैठी हुई है। सूचना मिलते ही पीएसआई मंजीत सिंह की टीम तुरंत सरकारी अस्पताल कैथल में पहुंची जहां एक महिला करीब 9 वर्षीय बच्ची के साथ बैठी मिली। पूछताछ करने पर महिला अपनी पहचान स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। जिसने अपना नाम श्वेता बताया। लेकिन वह कभी वाराणसी और तो कभी कलायत की रहने वाली होने की बात कहती रही। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह अपने घर का सही पता बताने में असमर्थ थी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला और बच्ची की फोटो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में साझा की तथा साइबर सेल की मदद ली।



कैथल। पीएसआई मंजीत के साथ महिला व बच्ची व उनके परिजन।

## पार्षदों ने नवनियुक्त एसपी से की मुलाकात

- शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

नगर पालिका पूंडरी के पार्षदों ने नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी व अनाज मंडी के पूर्व प्रधान पार्षद सतीश हजवाना के नेतृत्व में नवनियुक्त एसपी कैथल मनप्रीत सिंह से औपचारिक भेंट की। इस दौरान पार्षदों ने पूंडरी शहर की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान पार्षदों ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मौके पर एसपी कैथल ने सभी पार्षदों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त दिखाई देता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



पूंडरी। एसपी कैथल से मिलते हुए पूंडरी पालिका पार्षद। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने आगे कहा कि जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है तथा आपराधिक तत्वों को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद दीपक सैनी, राजकुमार सैनी, साहब सिंह, नसीब सिंह, रवि कश्यप, विक्की व जितेंद्र सिंह पार्षद मौजूद रहे।

## मिड्ढा ने किया नई मंडी का निरीक्षण

- मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया में किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी
- मंडियों में हो पेयजल, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं
- सरकार द्वारा किसानों की फसल का खरीदा जाएगा एक-एक दाना : डिप्टी स्पीकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मंडियों में रबी फसल खरीद प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में पेयजल, बैठने की व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं समूचित हो। सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को स्थानीय नई अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। उन्होंने गेट पास प्रणाली, बायोमैट्रिक पंजीकरण, बारदाना की उपलब्धता और खरीद प्रक्रियाका बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



जींद। मंडी में फसल खरीद का जायजा लेते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

## छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटा से किसानों को मिलेगा लाभ

**सब यार्ड बनने के बाद से किसान, आढ़ती कर रहे थे धर्मकांटा लगाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

छात्तर सब यार्ड में गेहूं की फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है कि धर्मकांटा जल्द शुरू होगा। आढ़तियों, किसानों की मांग पर विधायक देवेंद्र चरतभुज अत्री द्वारा मार्केटिंग बोर्ड के मुख्यालय अधिकारियों से बातचीत करके यहां पर धर्मकांटा मंजूर करवा कर कार्य शुरू करवाया था। धर्मकांटे का कार्य तेजी से चल रहा था ताकि सीजन में इसका लाभ किसानों को मिले।



उचाना। छातर सब यार्ड में अंतिम चरण में चल रहे धर्मकांटे के कार्य को लेकर जानकारी देते हुए आढ़ती।

## कनाडा से आई शिक्षिकाओं ने किया ओम स्कूल का दौरा



**उचाना।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में कनाडा (वैंकूवर) से आई शिक्षिकाओं नीरू संधू एवं उर्वशी हुड्डा का प्रेरणादायक भ्रमण रहा। विद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ द्वारा किया गया। शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, कड़ी मेहनत करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अनुभव सांझा करते हुए बताया कि आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और हर विद्यार्थी अपनी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकता है।

## विभाग ने की नगूरां व चांदपुर में पानी में क्लोरीन की जांच

- क्लोरीन युक्त जल अपनाएं, हैजा व टाइफाइड से छुटकारा पाएं : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छ पेयजल को लेकर नगूरां व चांदपुर जलघर के अलावा गांव में पीने के पानी में क्लोरीन की जांच की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां व चांदपुर गांव के जलघर तथा गांव में पीने के पानी में क्लोरिन की जांच की। जिसमें नगूरां जलघर व गांव की सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा उचित मानक के हिसाब से पाई गई, जबकि चांदपुर गांव में पानी की सप्लाई में क्लोरीन की मात्रा सही नहीं पाने के अलावा डोजर मशीन भी खराब मिली।



जींद। नगूरां जलघर में पीने के पानी की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

#### निर्देश दिए

स्वास्थ्य विभाग ने जलापूर्ति विभाग के कर्मचारियों को डोजर मशीन को ठीक करवा के लोगों को क्लोरीन युक्त पीने का पानी देने के निर्देश दिए। इस दौरान टीम ने क्लोरीन युक्त जल अपनाएं, हैजा और टाइफाइड से छुटकारा पाएं नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि गंदे व दूषित पानी से दस्त, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, पेचिश और पोलियो आदि बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

### आढ़तियों ने किया जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी को बंद रखने का ऐलान

**एसडीएम, भाजपा जिला अध्यक्ष के आश्वासन पर भी नही माने आढ़ती**

# नए नियमों के विरोध में आढ़तियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों ने सरकार द्वारा लागू किए जा रहे नए नियमों का जमकर विरोध करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने की। लोगों को संबोधित करते हुए पवन लाठर ने कहा कि सरकार किसानों और आढ़तियों के हितों की अनदेखी कर लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जो उनके लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर रोज नए-नए नियम लागू किए जा रहे हैं। जिससे मंडी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस बार सरकार द्वारा फसल बेचने आने वाले किसानों के ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट और बायोमीट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। जिसे आढ़तियों और किसानों ने अव्यवहारिक बताया। उन्होंने आगे कहा कि मंडी को सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक ही खोलने के आदेश भी पूरी तरह से गलत हैं। किसान अक्सर रात के समय खेतों में कंबाइन से फसल कटाई करते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी फसल मंडी तक लाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आढ़तियों ने इन आदेशों को तुगलकी फरमान बताते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की। सरकार के ये नियम उनके कामकाज में बाधा डाल रहे हैं। धरना दे रहे आढ़तियों को समर्थन देने के लिए पहुंचे नवीन जयहिंद ने कहा कि सरकार गेहूं की खरीद करना ही नही चाहती। सरकार को किसानों की परेशानी से कोई सरोकार नही है।



जुलाना। धरने पर पहुंचे पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा व अन्य।

#### मंडी व्यवस्था को बर्बाद कर रही भाजपा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार हर रोज नए-नए नियम थौंप कर किसानों और आढ़तियों को परेशान करने का काम कर रही है। यह पूरी तरह से तुगलकी रवैया है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में पहले से ही पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है, ऊपर से सरकार द्वारा जबरन नए नियम लागू कर दिए गए हैं। उन्होंने फसल लेकर आने वाले किसानों के ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट और बायोमेट्रिक प्रणाली के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई।

#### सीएम के समक्ष रखेंगे आढ़तियों की मांगे : ढुल

सरकार के नियमों के विरोध में धरना दे रहे आढ़तियों को आश्वासन देने के लिए जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह पहुंचे लेकिन आढ़ती धरने से नही उठे। इसके बाद भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल भी आढ़तियों के बीच पहुंचे। तेजेंद्र ढुल ने कहा कि वो आढ़तियों और किसानों को हो रही समस्या को मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। तेजेंद्र ढुल ने कहा कि वो धरना दे रहे आढ़तियों को पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री से मिलवाएंगे। मंडी के प्रधान पवन लाठर ने कहा कि 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री से मिलेंगे तब तक धरना जारी रहेगा और अगर मुख्यमंत्री से मिलने के बाद भी समाधान नही हुआ तो वो धरना जारी रखेंगे।